**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# फैलाव को रोकें

## *सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में व्यवहार संबंधी बदलावों हेतु प्रेरित करने के लिए प्रभावशाली शॉर्ट फिल्म रिलीज की*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (17 दिसम्बर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने अपनी तीन मिनट की शॉर्ट फिल्म, द स्प्रैड *(The Spread)* में प्रभावशाली संदेश दिया है, जिसका उद्देश्य यह दिखाकर दर्शकों में भावनात्मक प्रतिक्रिया संचालित करना है कि कैसे छोटे और मासूम दिखने वाले एक्शन, उनके आसपास के लोगों को कितना ज्यादा प्रभावित कर सकते हैं। भावनात्मक संबंध, व्यवहार संबंधी बदलाव हेतु प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। सभी निवासियों को यह प्रयास करने की जरूरत होगी कि वे, खुद को, अपने प्रियजनों को और समुदाय को कोविड-19 (COVID-19) के जारी खतरे से सुरक्षित रखने के लिए, अपने रोज़मर्रा के चयन में सावधान रहें।

**द स्प्रैड**

*द स्प्रैड* में, ब्रैम्पटन की एक युवती ऐना (Ana) की कहानी पेश की गई है, जिसे लगता है कि वह खुद को और अपने परिवार को, कोविड-19 से सुरक्षित रखने के लिए सब कुछ ठीक कर रही है। हालांकि ऐना ने अब तक अपने रोज़मर्रा के संपर्कों को ट्रैक किया और लोगों से मिलना-जुलना सीमित रखा, लेकिन उसका ब्वायफ्रेंड जोर्डन (Jordan) अपने दोस्तों के साथ पार्टी में चला जाता है। जिससे वह खुद को, ऐना को और अपने पूरे परिवार को जोखिम में डाल देता है। द स्प्रैड, निवासियों को याद दिलाती है कि वे स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल्स के महत्व को समझना जारी रखें – और यह कि लापरवाही करने से बड़े परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी रिमाइंडर**

प्रांत के ग्रे-लॉकडाउन लेवल (Grey-Lockdown Level) के अंतर्गत शहरों में एक के तौर पर, यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि ब्रैम्पटन के निवासी अपने मास्क पहनें, शारीरिक दूरी रखें, अच्छी तरह सफाई करें और केवल अपने सगे पारिवारिक मेम्बर्स और जरूरी सहायकों के साथ ही इकट्ठे हों।

कोविड-19 फैलने के जोखिम को घटाएं। खुद को सुरक्षित रखें। अपने प्रियजनों को सुरक्षित रखें। अपने समुदाय को सुरक्षित रखें।

**लिंक**

- *द स्प्रैड (The Spread)* देखें
- कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के प्रयास (The City of Brampton’s response to COVID-19)

The Corporation of The City of Brampton
2 Wellington Street West, Brampton, ON L6Y 4R2 311 TTY: 905.874.2130

- पील में कोविड-19 के केस (Cases of COVID-19 in Peel)
- प्रांत के ग्रे-लॉकडाउन लेवल के अंतर्गत, पील रीजन में स्वास्थ्य और सुरक्षा उपाय (Health and safety measures in Peel Region under the Province's Grey-Lockdown Level)

**हवाले**

“छुट्टियां आने वाली हैं, मेरा ब्रैम्पटन के निवासियों से अनुरोध है कि वे खुद  के, अपने प्रियजनों के और हमारे समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सबसे ऊपर रखें और द स्प्रैड के संदेश पर ध्यान दें। हमारे एक्शन महत्वपूर्ण हैं। कोविड-19, हमारे समुदाय में बहुत ज्यादा जोखिम भरा खतरा बना हुआ है और ब्रैम्पटन को सुरक्षित रखने में हम सभी को इकट्ठे मिलकर काम करने की जरूरत होगी। कृपया अपने मास्क पहनना और शारीरिक दूरी रखना जारी रखें और अपने सगे पारिवारिक मेम्बर्स के अलावा किसी और के साथ इकट्ठे न हों। इकट्ठे मिलकर, हम कोविड-19 को फैलने से रोक सकते हैं।”

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“कोविड-19 का हमारे समुदाय में फैलना जारी है। यह हमारे निवासियों और कारोबारों को बहुत ज्यादा प्रभावित कर रहा है। इस मुश्किल समय के दौरान सिटी, ब्रैम्पटन की बहाली में इसकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन सभी निवासियों के लिए जरूरी है कि वे अपने एक्शंस पर विचार करें और वायरस को फैलने से रोकने के लिए, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल्स का पालन करें। समुदाय के तौर पर काम करते हुए, हम इसे फैलने से रोकेंगे।”

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca